**Question Booklet No.**

**Booklet Series**

# A

**72/BPSC/PT-2026 (Q)**

**Edu Teria Question Booklet**

# GENERAL STUDIES

**72nd Self-Assessment Test (Full Syllabus)**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 150**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **150** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. An Answer Sheet has been supplied inside the question booklet to mark the answers. **You must write your Roll Number and encode it and write other particulars in the space provided in the Answer Sheet, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and attached answer sheet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top left-hand corner of the Booklet and the series encoded in answer sheet are same. Also please check that the Booklet contains 32 printed pages including One page (Page No. 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated or question booklet and answer sheet have different series. If you find any defect in this Booklet and attached answer sheet, get it replaced immediately by a complete Booklet with OMR sheet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses – (A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question.
8. In the Answer Sheet, there are **four** circles – Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
9. For each question for which a wrong answer/more than one answer has been given by the candidates, one third (1/3) of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
10. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
11. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Institute may decide at their discretion.
12. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है ।

1. Consider the following statements regarding the first session and the establishment of the Indian National Congress (INC):
   1. The first session of the Congress was organized at the 'Gokuldas Tejpal Sanskrit College' in Bombay, in which a total of 72 delegates participated.
   2. On the suggestion of Dadabhai Naoroji, the name of this organization was changed from the 'Indian National Union' to the 'Indian National Congress'.
   3. Surendranath Banerjee presided over the first session, as he was the most prominent nationalist leader of that time.
   4. At the time of its establishment, the Viceroy of India was Lord Dufferin, and the General Secretary of the session was A.O. Hume.

   Which of the above statements are correct?
   (A) Only 1, 2 and 3 (B) Only 1, 2 and 4
   (C) Only 2, 3 and 4 (D) 1, 2, 3 and 4

2. Match the following pairs regarding the spread and leadership of the Swadeshi Movement:

| | List-I (Leaders) | | List-II (Areas) |
|---|---|---|---|
| (a) | Syed Haider Raza | 1. | Punjab and Uttar Pradesh |
| (b) | Chidambaram Pillai | 2. | Delhi |
| (c) | Lala Lajpat Rai | 3. | Madras Presidency |
| (d) | Lokmanya Tilak | 4. | Bombay and Pune |

   Code:
   (A) a-2, b-3, c-1, d-4 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
   (C) a-2, b-1, c-3, d-4 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

3. In the context of the Kanpur Conspiracy Case (1924), which of the following revolutionary was not put on trial?
   (A) S. A. Dange (B) Muzaffar Ahmed
   (C) Shaukat Usmani (D) Bhagat Singh

4. During the Revolt of 1857, at which place did Governor-General Lord Canning establish the 'Emergency Headquarters'?
   (A) Lucknow (B) Banaras
   (C) Allahabad (D) Delhi

5. The greatest development of railways occurred during the tenure of (X) whereas the Railway Budget was separated from the General Budget on the recommendation of (Y).
   (A) X - Dalhousie Y - Acworth Committee
   (B) X - Curzon Y - Acworth Committee
   (C) X - Lytton Y - K.C. Neogy Committee
   (D) X - Dalhousie Y - Robertson Committee

6. Consider the following pairs:
   1. Amritsar Session of the Muslim League (1908): Official demand for separate electorates.
   2. Calcutta Session (1906): Four resolutions passed on Swadeshi, Boycott, and National Education.
   3. Surat Session (1907): Lala Lajpat Rai's name proposed for the post of President by the Moderates.
   4. First Delhi Durbar (1877): Grand event organized by Lord Lytton despite the famine.

   How many of the above pairs are 'correctly matched'?
   (A) Only one pair (B) Only two pairs
   (C) Only three pairs (D) All four pairs

7. Which of the following statements regarding the Buddhist Councils is/are correct?
   1. The First Council was held at Rajagriha.
   2. The Second Council was held at Vaishali.
   3. The Third Council was held under the patronage of Kanishka.

   Select the correct answer:
   (A) Only 1 and 2 (B) Only 2 and 3
   (C) Only 1 and 3 (D) 1, 2 and 3

8. Select the correct chronological order of the states that accepted the Subsidiary Alliance:
   1. Hyderabad 2. Mysore 3. Awadh
   4. Peshwa 5. Scindia

   Select the correct code:
   (A) 1-2-3-4-5 (B) 2-1-4-3-5
   (C) 1-3-2-5-4 (D) 3-1-2-4-5

1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) के प्रथम अधिवेशन और उसकी स्थापना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन का आयोजन बंबई के 'गोकुलदास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय' में किया गया, जिसमें कुल 72 सदस्यों ने भाग लिया।
   2. दादाभाई नौरोजी के सुझाव पर इस संस्था का नाम 'भारतीय राष्ट्रीय संघ' से बदलकर 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' किया गया।
   3. सुरेंद्रनाथ बनर्जी ने प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता की थी, क्योंकि वे उस समय के सबसे प्रमुख राष्ट्रवादी नेता थे।
   4. स्थापना के समय भारत के वायसराय लॉर्ड डफरिन थे और अधिवेशन के महासचिव ए.ओ. ह्यूम थे।

   उपर्युक्त में से कौन-सा कथन सत्य हैं?

   (A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 1, 2 और 4
   (C) केवल 2, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

2. स्वदेशी आंदोलन के प्रसार और नेतृत्व के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों को सुमेलित कीजिए:

| सूची-। (नेता) | सूची-॥ (क्षेत्र) |
|---|---|
| (a) सैयद हैदर रजा | 1. पंजाब और उत्तर प्रदेश |
| (b) चिदम्बरम पिल्लई | 2. दिल्ली |
| (c) लाला लाजपत राय | 3. मद्रास प्रेसिडेंसी |
| (d) लोकमान्य तिलक | 4. बंबई और पुणे |

   कूट:

   (A) a-2, b-3, c-1, d-4 (B) a-1, b-2, c-3, d-4
   (C) a-2, b-1, c-3, d-4 (D) a-4, b-3, c-2, d-1

3. कानपुर षड्यंत्र केस (1924) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किस क्रांतिकारी पर मुकदमा नहीं चलाया गया था?

   (A) एस. ए. डांगे (B) मुजफ्फर अहमद
   (C) शौकत उस्मानी (D) भगत सिंह

4. 1857 के विद्रोह के दौरान गवर्नर जनरल लॉर्ड कैनिंग ने किसे 'आपातकालीन मुख्यालय' बनाया था?

   (A) लखनऊ को (B) बनारस को
   (C) इलाहाबाद को (D) दिल्ली को

5. रेलवे का सर्वाधिक विकास (X) के काल में हुआ, जबकि रेलवे बजट को आम बजट से अलग (Y) की सिफारिश पर किया गया।

   (A) X - डलहौजी Y - एकवर्थ समिति
   (B) X - कर्जन Y - एकवर्थ समिति
   (C) X - लिटन Y - के.सी. नियोगी समिति
   (D) X - डलहौजी Y - राबर्टसन समिति

6. निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें
   1. मुस्लिम लीग का अमृतसर अधिवेशन (1908) पृथक निर्वाचक मंडल की आधिकारिक मांग।
   2. कलकत्ता अधिवेशन (1906) स्वदेशी, बहिष्कार और राष्ट्रीय शिक्षा पर चार प्रस्ताव पारित।
   3. सूरत अधिवेशन (1907) उदारवादियों द्वारा लाला लाजपत राय का नाम अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावित ।
   4. प्रथम दिल्ली दरबार (1877) अकाल के बावजूद लॉर्ड लिटन द्वारा भव्य आयोजन।

   उपर्युक्त में से कितने युग्म 'सही सुमेलित' हैं?

   (A) केवल एक युग्म (B) केवल दो युग्म
   (C) केवल तीन युग्म (D) सभी चार युग्म

7. निम्नलिखित में से कौन-सा/से बौद्ध संगीति (Council) के संबंध में सही है/हैं?
   1. प्रथम संगीति राजगृह में हुई थी।
   2. द्वितीय संगीति वैशाली में हुई थी।
   3. तृतीय संगीति कनिष्क के संरक्षण में हुई थी।

   सही उत्तर चुनिए:

   (A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
   (C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

8. सहायक संधि स्वीकार करने वाले राज्यों के सही कालानुक्रमिक क्रम का चयन करें:
   1. हैदराबाद 2. मैसूर
   3. अवध 4. पेशवा
   5. सिंधिया

   सही कूट चुनिए:

   (A) 1-2-3-4-5 (B) 2-1-4-3-5
   (C) 1-3-2-5-4 (D) 3-1-2-4-5

9. What was the main reason behind the second split of the Brahmo Samaj and the establishment of the 'Sadharan Brahmo Samaj' (1878)?
   (A) The death of Raja Ram Mohan Roy.
   (B) Keshav Chandra Sen marrying his underage daughter to the King of Cooch Behar.
   (C) Advocating for idol worship.
   (D) The failure to ban the practice of Sati.

10. Which of the following individual was not related to the Prarthana Samaj (1867)?
   (A) R. G. Bhandarkar (B) Dr. Atmaram Pandurang
   (C) Mahadev Govind Ranade
   (D) Ananda Mohan Bose

11. Identify the 'incorrect' statement regarding Annie Besant and the Theosophical Society:
   (A) International Headquarters of the Theosophical Society was in Adyar (Madras)
   (B) Establishment of the Central Hindu College in 1898
   (C) Annie Besant became the first female President of the Indian National Congress in 1925
   (D) Cooperation to Madan Mohan Malaviya in the establishment of Banaras Hindu University (BHU).

12. Which of the following statement is correct regarding the Ahmadiyya and Wahabi movements?
   (A) The Ahmadiyya movement opposed 'Jihad', whereas the Wahhabi movement was active in revitalizing original Islam.
   (B) The Wahhabi movement was led by Mirza Ghulam Ahmad.
   (C) The Ahmadiyya movement originated in Bengal.
   (D) The Wahhabi movement fully supported English education and Western liberalism.

13. By which of the following treaty did the 'Third Carnatic War' come to an end, and the French regain their Indian factories?
   (A) Treaty of Alinagar (B) Treaty of Pondicherry
   (C) Treaty of Paris (D) Treaty of Aix-la-Chapelle

14. Consider the following statements regarding the 'Sannyasi Rebellion' and select the incorrect statement:
   1. A primary cause of this rebellion was the restriction imposed by the British on pilgrimages to holy sites.
   2. Warren Hastings is credited with suppressing this rebellion.
   3. Bankim Chandra Chatterjee's famous novel 'Anandamath' is based on this very rebellion.

   code:
   (A) Only 1 and 2 (B) Only 2 and 3
   (C) Only 1 and 3 (D) None of the above

15. Regarding the drain of wealth, which of the following nationalist leaders stated in a lecture delivered in Pune in 1872 that "one-third of the national capital is being drained away by British rule in one form or another"?
   (A) Dada Bhai Naoroji (B) Ramesh Chandra Dutt
   (C) Mahadev Govind Ranade
   (D) Syed Ahmed Khan

16. Who among the following has written Hind Swaraj?
   (A) Bal Gangadhar Tilak (B) Mahatma Gandhi
   (C) Dadabhai Naoroji (D) Jawaharlal Nehru

17. Which Satavahana ruler portrayed himself the "Eka-Brahmana" and claimed to have destroyed the Kshaharata dynasty?
   (A) Gautami Balbhimajbhi
   (B) Simuka
   (C) Gautamiputra Satakarni
   (D) Vashishthiputra Pulumavi

18. During the Satavahana rule, the terms 'Kataka' and 'Skandhavaras' is associated with which of the following?
   (A) Judicial System (B) Civil Administration
   (C) Espionage System (D) Military System

9. ब्रह्म समाज के दूसरे विभाजन एवं साधारण ब्रह्म समाज (1878) की स्थापना के पीछे मुख्य कारण क्या था?
   (A) राजा राममोहन राय की मृत्यु।
   (B) केशव चंद्र सेन द्वारा अपनी अल्पायु पुत्री का विवाह कूचबिहार के राजा से करना।
   (C) मूर्ति पूजा का समर्थन करना।
   (D) सती प्रथा पर रोक न लगना।

10. निम्न में से कौन-सा व्यक्तित्व प्रार्थना समाज से संबंधित नहीं थे?
   (A) आर. जी. भंडारकर (B) डॉ. आत्माराम पांडुरंग
   (C) महादेव गोविंद रानाडे (D) आनंद मोहन बोस

11. एनी बेसेंट और थियोसोफिकल सोसाइटी के संबंध में असत्य कथन का चयन करें -
   (A) थियोसोफिकल सोसायटी का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय अड्यार (मद्रास) था।
   (B) सेंट्रल हिंदू कॉलेज की स्थापना वर्ष 1898 में की गई थी।
   (C) एनी बेसेंट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष वर्ष 1925 बनीं।
   (D) बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) की स्थापना में मदन मोहन मालवीय को सहयोग दिया।

12. अहमदिया और वहाबी आंदोलनों के संबंध में सत्य कथन की पहचान करें -
   (A) अहमदिया आंदोलन ने 'जिहाद' का विरोध किया, जबकि वहाबी आंदोलन मूल इस्लाम को पुनर्गठित करने के लिए सक्रिय था।
   (B) वहाबी आंदोलन का नेतृत्व मिर्जा गुलाम अहमद ने किया था।
   (C) अहमदिया आंदोलन की शुरुआत बंगाल से हुई थी।
   (D) वहाबी आंदोलन ने अंग्रेजी शिक्षा और पश्चिमी उदारवाद का पूरी तरह समर्थन किया।

13. निम्नलिखित में से किस संधि के द्वारा 'तृतीय कर्नाटक युद्ध' का अंत हुआ और फ्रांसीसियों ने अपनी भारतीय फैक्ट्रियां वापस प्राप्त की?
   (A) अलीनगर की संधि (B) पॉन्डिचेरी की संधि
   (C) पेरिस की संधि (D) ऐक्स-ला-शापेल की संधि

14. 'संन्यासी विद्रोह' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से असत्य कथन का चयन करें:
   1. इस विद्रोह का एक मुख्य कारण तीर्थ स्थानों की यात्रा पर अंग्रेजों द्वारा लगाया गया प्रतिबंध था।
   2. वारेन हेस्टिंग्स को इस विद्रोह को दबाने का श्रेय दिया जाता है।
   3. बंकिम चंद्र चटर्जी का प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' इसी विद्रोह पर आधारित है।

   कूट:
   (A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
   (C) केवल 1 और 3 (D) इनमें से कोई नहीं

15. धन के बहिर्गमन के बारे मे निम्न में से किस राष्ट्रवादी नेता ने 1872 में पुणे में दिए अपने व्याख्यान में कहा कि "राष्ट्रीय पूँजी का एक-तिहाई हिस्सा किसी न किसी रूप में ब्रिटिश शासन द्वारा बाहर ले जाया जा रहा है।"
   (A) दादा भाई नौरोजी (B) रमेश चंद्र दत्त
   (C) महादेव गोविंद रानाडे (D) सैयद अहमद खाँ

16. हिंद स्वराज निम्न में से किनके द्वारा लिखी गयी है?
   (A) बाल गंगाधर तिलक
   (B) महात्मा गांधी
   (C) दादा भाई नौरोजी
   (D) जवाहर लाल नेहरू

17. किस सातवाहन शासक ने स्वंय को "एकब्राह्मण" कहा और क्षहरात वंश का नाश करने का दावा किया?
   (A) गौतमी बलभीमजभी
   (B) शिमुक
   (C) गौतमीपुत्र शातकर्णी
   (D) वशिष्ठी पुत्र पुलुमावी

18. सातवाहन शासन में 'कटक और स्कंधावर' शब्द का प्रयोग किस क्षेत्र में होता था?
   (A) न्याय व्यवस्था (B) दीवानी व्यवस्था
   (C) गुप्तचर व्यवस्था (D) सैन्य व्यवस्था

EDUTERIA

19. With which concept is "Anekantavada" associated?
    (A) The Principle of Non-violence (Ahimsa)
    (B) The Principle of the Multi-dimensional Nature of Truth
    (C) The Path of Asceticism
    (D) The Theory of Karma

20. On the coins of which of the following ruler did images of deities appear for the first time?
    (A) Mauryas (B) Kushanas
    (C) Guptas (D) Shungas

21. The author of 'The Story of Indian Archaeology' is?
    (A) S.N. Rao (B) John Marshall
    (C) Stuart Piggott (D) D.D. Kosambi

22. Which of the following is not a Harappan site?
    (A) Chanhudaro (B) Kotdiji
    (C) Sohgaura (D) Desalpur

23. In which year did Dantidurga establish the Rashtrakuta dynasty?
    (A) 740 AD (B) 753 AD
    (C) 760 AD (D) 765 AD

24. What does "Pallichandam" refer to during the Chola rule?
    (A) To the Temple Administration
    (B) The donated land
    (C) To military system
    (D) To the revenue system

25. Which of the following was not a part of the Ashtapradhan?
    (A) Waqia-Navis (B) Mazumdar
    (C) Nyayadhish (D) Mamlatdar

26. Which of the following rulers used a kathi and a standard rod instead of a rope for measurement?
    (A) Shivaji (B) Sambhaji
    (C) Rajaram (D) Bajirao-I

27. Select the incorrect match from the following options:

| | Mughal Official | | Related Area |
|---|---|---|---|
| (A) | Shiqdar | – | The district's chief agricultural officer |
| (B) | Amalguzar | - | The district's principal revenue officer |
| (C) | Bakhshi | – | Provincial Military Chief |
| (D) | Kotwal | - | Town Chief |

28. In whose court did the renowned painter Abdul Samad serve?
    (A) Jahangir (B) Shah Jahan
    (C) Akbar (D) Aurangzeb

29. Who was the first ruler of the medieval period to be killed on the battlefield?
    (A) Sikandar Lodi (B) Ibrahim Lodi
    (C) Nusrat Shah (D) None of these

30. Which of the following was not a disciple of Saint Nizamuddin Auliya?
    (A) Sheikh Salim Ali Chishti
    (B) Alauddin Sabir
    (C) Amir Khusro
    (D) Amir Hasan Dehlavi

31. Which of the following Acts ended the commercial functions of the East India Company i.e stopped doing business (trade) and only governed India on behalf of the British government?
    (A) Charter Act 1813 (B) Charter Act 1833
    (C) Charter Act 1853 (D) None of the above

32. Who among the following was not a member of Drafting committee?
    (A) N.G. Ayyangar (B) S.M. Sadullah
    (C) Dr K.M. Munshi (D) G. Bardoloi

19. “अनेकांतवाद” (Anekantavada) का संबंध किससे है?
(A) अहिंसा का सिद्धांत
(B) सत्य के बहुआयामी स्वरूप का सिद्धांत
(C) तपस्या का मार्ग
(D) कर्म सिद्धांत

20. निम्नलिखित में से किस शासक के सिक्कों पर पहली बार देवताओं की छवि अंकित हुई?
(A) मौर्य (B) कुषाण
(C) गुप्त (D) शुंग

21. 'द स्टोरी ऑफ इंडियन आर्कियोलोजी' के लेखक हैं?
(A) एस. एन. राव (B) जान मार्शल
(C) स्टुअर्ट पिग्गट (D) डी. डी. कौशांबी

22. निम्नलिखित में से कौन-सा एक हड़प्पा स्थल नहीं है?
(A) चन्हूदड़ों (B) कोटदीजी
(C) सोहगौरा (D) देसलपुर

23. दंतिदुर्ग ने राष्ट्रकूट की स्थापना किए वर्ष की थी?
(A) 740 ई. (B) 753 ई.
(C) 760 ई. (D) 765 ई.

24. चोल शासन में "पल्लीचंदम" किसको वर्णित करता है?
(A) मंदिर प्रशासन को
(B) दान दी गई भूमि को
(C) सैन्य व्यवस्था को
(D) राजस्व व्यवस्था को

25. निम्नलिखित में से कौन अष्टप्रधान का भाग नहीं है?
(A) वाकयानवीस (B) मजूमदार
(C) न्यायाधीश (D) मामलतदार

26. निम्नलिखित में से किस शासक ने माप हेतु रस्सी के स्थान पर काठी व मानक छड़ी का प्रयोग किया?
(A) शिवाजी
(B) संभाजी
(C) राजाराम
(D) बाजीराव-प्रथम

27. निम्नलिखित में से गलत मिलान का चयन करें :-

| | मुगल अधिकारी | | संबंधित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| (A) | शिकदार | - | जिले का प्रमुख कृषि अधिकारी |
| (B) | अमलगुजार | - | जिले का प्रमुख राजस्व अधिकारी |
| (C) | बख्शी | - | प्रांतीय सैन्य प्रधान |
| (D) | कोतवाल | - | नगर प्रधान |

28. प्रसिद्ध चित्रकार अब्दुल समद किसके दरबार में था?
(A) जहाँगीर (B) शाहजहाँ
(C) अकबर (D) औरंगजेब

29. युद्धस्थल में मारा जाने वाला मध्यकाल का प्रथम शासक कौन था?
(A) सिकंदर लोदी (B) इब्राहिम लोदी
(C) नुसरतशाह (D) इनमें से कोई नहीं

30. निम्नलिखित में से कौन-सा संत निजामुद्दीन औलिया का शिष्य नहीं था?
(A) शेख सलीम अली चिश्ती
(B) अलाउद्दीन साबिर
(C) अमीर खुसरो
(D) अमीर हसन देहलवी

31. निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापारिक कार्यों को समाप्त कर दिया, यानी ईस्ट इंडिया कंपनी ने व्यापार (कारोबार) करना बंद कर दिया और केवल ब्रिटिश सरकार की ओर से भारत पर शासन किया?
(A) चार्टर अधिनियम 1813
(B) चार्टर अधिनियम 1833
(C) चार्टर अधिनियम 1853
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

32. निम्नलिखित में से कौन प्रारूप समिति के सदस्य नहीं थे?
(A) एन.जी. आयंगर
(B) एस.एम. सादुल्ला
(C) डॉ. के.एम. मुंशी
(D) जी. बारदोलोई

33. With reference to the Schedule of Constitution of India, Identify the incorrect pair -
    (A) 2nd Schedule - Provisions related to allowances
    (B) 4th Schedule - Allocation of seats in the Rajya Sabha
    (C) 5th Schedule - Administration of scheduled areas
    (D) 6th Schedule - Administration of scheduled tribes

34. Consider the following statements about the council of Ministers in state:
    1. Governor can appoint only those person as minister who are recommended by the chief minister
    2. There is no provision in the Constitution for the system of legal responsibility of the ministers in the state

    Which of the above statements is/are true?
    (A) Only 1 (B) Only 2
    (C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

35. With reference to the resignation of a Chief Minister in a state, consider the following statements:
    1. The resignation of the Chief Minister leads to the dissolution of the entire Council of Ministers.
    2. The Governor must immediately impose Article 356 of the Constitution of India
    3. The Governor may request the outgoing ministry to continue as a caretaker government.

    Which of the statements given above is/are correct?
    (A) Only 1 (B) Only 1 and 3
    (C) Only 2 and 3 (D) 1, 2 and 3

36. Which Article deals with the superintendence, direction and control of elections to Panchayats?
    (A) Article 243G (B) Article 243D
    (C) Article 243K (D) None of the above

37. In 2026, the Supreme Court of India in Dr. Jaya Thakur v. Union of India case declared menstrual health a fundamental right under which of the following Article?
    (A) Article 21 (B) Article 31C
    (C) Article 27 (D) None of the above

38. The removal of the Chief Election Commissioner requires:
    (A) Special majority in Rajya Sabha and Simple majority in Lok Sabha
    (B) Special majority in Lok Sabha and Simple majority in Rajya Sabha
    (C) Special majority of both the houses separately
    (D) None of the above

39. The constitution of India provides for reasonable restrictions on Fundamental Rights but reasonableness must keep in mind that:
    1. The interest of the general public is safeguarded
    2. Prevailing social value and also social needs are not bar
    3. Directive principles can be bypassed
    4. Collective or public interest can justify restrictions on individual rights.

    Which of the statements given above is/are correct?
    (A) Only 1, 2 and 4 (B) Only 2 and 3
    (C) Only 4 (D) Only 1

40. With regard to the functioning of the Parliament of India, consider the following statements:
    1. The President of India may prorogue a House of Parliament without necessarily acting on the advice of the Council of Ministers.
    2. Normally, a House is prorogued after it has been adjourned sine die, but the President is not constitutionally prevented from proroguing a House even while it is still in session.
    3. The dissolution of the Lok Sabha is carried out by the President, who generally acts on the advice of the Council of Ministers except in rare situations.

    How many of the statements given above is/are correct?
    (A) Only one Statement
    (B) Only two statements
    (C) All three
    (D) None of the above are correct

33. भारत के संविधान की अनुसूची के संदर्भ में, गलत युग्म की पहचान कीजिए -

(A) दूसरी अनुसूची – वेतन भत्तों से संबंधित प्रावधान

(B) चौथी अनुसूची – राज्य सभा में सीटों का आवंटन

(C) पांचवीं अनुसूची – अनुसूचित क्षेत्रों का प्रशासन

(D) छठी अनुसूची – अनुसूचित जनजातियों का प्रशासन

34. राज्य मंत्रिपरिषद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. राज्यपाल केवल उन्हीं व्यक्तियों को मंत्री नियुक्त कर सकते हैं जिनकी सिफारिश मुख्यमंत्री करते हैं।
2. संविधान में राज्यों में मंत्रियों की कानूनी जवाबदेही की प्रणाली के लिए कोई प्रावधान नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन-से/सा कथन सत्य है:

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2

35. किसी राज्य में मुख्यमंत्री के इस्तीफे के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. मुख्यमंत्री के इस्तीफे से पूरी मंत्रिपरिषद भंग हो जाती है।
2. राज्यपाल को तत्काल भारत के संविधान का अनुच्छेद 356 लागू करना होगा।
3. राज्यपाल निवर्तमान (outgoing) मंत्रिपरिषद से कार्यवाहक सरकार के रूप में कार्य जारी रखने का अनुरोध कर सकते हैं।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 3

(C) केवल 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

36. कौन सा अनुच्छेद पंचायतों के चुनावों के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण से संबंधित है?

(A) अनुच्छेद 243G (B) अनुच्छेद 243D

(C) अनुच्छेद 243K (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. 2026 में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने डॉ. जया ठाकुर बनाम भारत संघ मामले में मासिक धर्म स्वास्थ्य को निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के तहत एक मौलिक अधिकार घोषित किया?

(A) अनुच्छेद 21 (B) अनुच्छेद 31C

(C) अनुच्छेद 27 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

38. मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने के लिए आवश्यकता किसकी होती है:

(A) राज्यसभा में विशेष बहुमत और लोकसभा में साधारण बहुमत की

(B) लोकसभा में विशेष बहुमत और राज्यसभा में साधारण बहुमत की

(C) दोनों सदनों में अलग-अलग विशेष बहुमत की

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

39. भारत का संविधान मौलिक अधिकारों पर युक्ति-युक्त प्रतिबंधों का प्रावधान करता है, लेकिन इन प्रतिबंधों की 'उचितता' तय करते समय यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि:

1. आम जनता के हितों की रक्षा हो।
2. प्रचलित सामाजिक मूल्य और सामाजिक ज़रूरतें इसमें बाधा न बनें।
3. राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों (Directive Principles) की अनदेखी की जा सकती है।
4. सामूहिक या सार्वजनिक हित, व्यक्तिगत अधिकारों पर प्रतिबंधों को उचित ठहरा सकते हैं।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1, 2 और 4 (B) केवल 2 और 3

(C) केवल 4 (D) केवल 1

40. भारत की संसद के कामकाज के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. भारत के राष्ट्रपति, मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य किए बिना भी, संसद के किसी सदन का सत्रावसान (prorogue) कर सकते हैं।
2. आमतौर पर, किसी सदन का सत्रावसान तब होता है जब उसे अनिश्चित काल के लिए स्थगित (adjourned sine die) कर दिया गया हो, लेकिन राष्ट्रपति को संवैधानिक रूप से किसी सदन का सत्रावसान करने से तब भी नहीं रोका जा सकता, जब वह सत्र में हो।
3. लोकसभा का विघटन राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है, जो आमतौर पर दुर्लभ स्थितियों को छोड़कर, मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करते हैं।

ऊपर दिए गए कथनों में से कितने कथन सही है/हैं?

(A) केवल एक कथन (B) केवल दो कथन

(C) तीनों कथन (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

41. Kharg Island belongs to which of the following countries?

(A) Oman (B) Iran

(C) Israel (D) United States of America

42. Which of the following is the place of Confluence of the Alaknanda and Pindar rivers?

(A) Vishnuprayag (B) Nandprayag

(C) Karnaprayag (D) Rudraprayag

43. The Pennaiyar River is a major river in southern India flowing through which of the following States

(A) Tamil Nadu and Karnataka

(B) Karnataka and Kerala

(C) Tamilnadu and Kerala

(D) Kerala and Goa

44. The Kra Isthmus, also known as the "Devil's Neck", is located between which of the following?

(A) Andaman Sea and Gulf of Thailand

(B) Arabian Sea and Bay of Bengal

(C) South China Sea and Pacific Ocean

(D) Red Sea and Mediterranean Sea

45. Pamlou, Bewar or Dahiya , Khil ,Podu are:

(A) Local festival of Manipur

(B) Types of agriculture methods

(C) Types of irrigation method

(D) None of the above

46. Barren Island is a volcanic island located in:

(A) South of the Sri Vijaypuram

(B) North East of the Sri Vijaypuram

(C) North of the Sri Vijaypuram

(D) South West of the Sri Vijaypuram

47. Bannerghatta National Park is located in which state?

(A) Uttrakhand (B) Karnataka

(C) Kerala (D) Madhya Pradesh

48. Which of the following factors is/are responsible for the occurrence of winter rainfall in north-western India?

1. Western Disturbances originating over the Mediterranean region
2. Retreating monsoon winds from the Bay of Bengal
3. Subtropical westerly jet stream

(A) Only 1 (B) Only 1 and 3

(C) Only 2 and 3 (D) 1, 2 and 3

49. Which current is responsible for the mild climate of Western Europe?

(A) Labrador Current (B) Benguela Current

(C) Gulf Stream (D) Peru Current

50. Which of the following statements regarding Permanent Winds (Planetary Winds) is/are correct?

1. Trade winds blow from subtropical high-pressure belts towards the equatorial low-pressure belt.
2. Westerlies blow from east to west in both hemispheres.
3. Polar easterlies are cold and dry winds.

(A) Only 1 and 3(B) Only 1 and 2

(C) Only 2 and 3(D) 1, 2 and 3

51. What is the unit for measuring magnetic field?

(A) Tesla (B) Ampere

(C) Coulomb (D) Ohm

52. In which medium is the speed of sound maximum?

(A) Nickel (B) Steel

(C) Aluminum (D) Iron

53. If an object of mass 5kg is moving at a constant velocity, what will be the resultant force?

(A) Zero (B) 10 Newtons

(C) 5 Newtons (D) Infinite

41. खार्ग द्वीप निम्नलिखित में से किस देश का हिस्सा है?

(A) ओमान (B) ईरान

(C) इज़राइल (D) संयुक्त राज्य अमेरिका

42. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान अलकनंदा और पिंडार नदियों का संगम स्थल है?

(A) विष्णुप्रयाग (B) नंदप्रयाग

(C) कर्णप्रयाग (D) रुद्रप्रयाग

43. पेन्नैयार नदी दक्षिण भारत की एक प्रमुख नदी है, जो किन राज्यों से होकर बहती है?

(A) तमिलनाडु और कर्नाटक

(B) कर्नाटक और केरल

(C) तमिलनाडु और केरल

(D) केरल और गोवा

44. क्रा स्थलडमरूमध्य (Isthmus), जिसे "डेविल्स नेक" (शैतान की गर्दन) भी कहा जाता है, निम्नलिखित में से किनके बीच स्थित है?

(A) अंडमान सागर और थाईलैंड की खाड़ी

(B) अरब सागर और बंगाल की खाड़ी

(C) दक्षिण चीन सागर और प्रशांत महासागर

(D) लाल सागर और भूमध्य सागर

45. पामलू, बेवार या दहिया, खिल, पोडू हैं:

(A) मणिपुर के स्थानीय त्योहार

(B) कृषि पद्धतियों के प्रकार

(C) सिंचाई पद्धतियों के प्रकार

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

46. बैरन द्वीप एक ज्वालामुखी द्वीप है जो स्थित है:

(A) श्री विजय पुरम के दक्षिण में

(B) श्री विजय पुरम के उत्तर-पूर्व में

(C) श्री विजय पुरम के उत्तर में

(D) श्री विजय पुरम के दक्षिण-पश्चिम में

47. बन्नेरघट्टा नेशनल पार्क किस राज्य में स्थित है?

(A) उत्तराखंड (B) कर्नाटक

(C) केरल (D) मध्य प्रदेश

48. उत्तर-पश्चिमी भारत में सर्दियों में होने वाली वर्षा के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कारक उत्तरदायी है/हैं?

1. भूमध्यसागरीय क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले पश्चिमी विक्षोभ
2. बंगाल की खाड़ी से लौटने वाली मानसूनी हवाएँ
3. उप-उष्णकटिबंधीय पछुआ जेट स्ट्रीम

(A) केवल 1

(B) केवल 1 और 3

(C) केवल 2 और 3

(D) 1, 2 और 3

49. पश्चिमी यूरोप की मृदु/सौम्य जलवायु के लिए कौन सी जलधारा ज़िम्मेदार है?

(A) लैब्राडोर जलधारा (B) बेंगुएला जलधारा

(C) गल्फ स्ट्रीम (D) पेरू जलधारा

50. ग्रहीय पवनें/स्थायी हवाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

1. व्यापारिक पवनें उपोष्णकटिबंधीय उच्च-दबाव वाले क्षेत्रों से भूमध्यरेखीय निम्न-दबाव वाले क्षेत्र की ओर बहती हैं।
2. पछुआ पवनें दोनों गोलार्धों में पूर्व से पश्चिम की ओर बहती हैं।
3. ध्रुवीय पूर्वी पवनें ठंडी और शुष्क हवाएँ होती हैं।

(A) केवल 1 और 3 (B) केवल 1 और 2

(C) केवल 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

51. चुम्बकीय क्षेत्र के मापन की ईकाई है?

(A) टेस्ला (B) एम्पियर

(C) कूलम्ब (D) ओम

52. किस माध्यम में ध्वनि की चाल अधिकतम होती है?

(A) निकेल (B) स्टील

(C) एल्युमिनियम (D) लोहा

53. यदि कोई 5 kg द्रव्यमान की वस्तु नियत वेग से चल रही है, तो परिणामी बल कितना होगा?

(A) शून्य (B) 10 न्यूटन

(C) 5 न्यूटन (D) अनंत

54. A car starts rolling down a hill from rest with a constant acceleration. It covers a distance of 900 meters in 30 seconds. If the mass of the car is 10 tons, the force acting on it will be:

(A) 12,000 Newtons (B) 20,000 Newtons

(C) 18,000 Newtons (D) 27,000 Newtons

55. If the energy consumption in a hotel is 350 units in one month, the total energy in joules will be:

(A) $1.8\times10^6$ (B) $9\times10^5$

(C) $1.26\times10^9$ (D) $10^5$

56. Which of the following options is correct regarding the acceleration due to gravity (g)?

(A) The value of acceleration due to gravity (g) is infinite at the center of the Earth.

(B) The value of (g) is minimum at the Earth's poles.

(C) The value of g is maximum at the equator.

(D) None of the above.

57. A pair of oxen exerts a force of 200 Newtons while ploughing the field. The field ploughed is 20 meters long. The work done in ploughing the length of the field is:

(A) 3000 Joules (B) 3500 Joules

(C) 4000 Joules (D) 2500 Joules

58. What is the radius of curvature of a plane mirror?

(A) Infinite

(B) Zero

(C) Two

(D) Between one and infinity

59. What is the rate of flow of electric charge with respect to time in a conductor called?

(A) Electric Potential (B) Electric Current

(C) Resistance (D) Energy

60. Consider the following statements:

1. A short circuit occurs when the live and neutral wires come into direct contact.
2. During a short circuit, the current decreases significantly.

Which of the above statement(s) is/are correct?

(A) Only 1 (B) Only 2

(C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

61. If the pH of a solution changes from 2 to 3, then the concentration of $H^+$ ions in it:

(A) Will increase 4-fold

(B) Will decrease 3-fold

(C) Will decrease 10-fold

(D) Will decrease 1000-fold

62. What does the Octane Number represent?

(A) Fuel viscosity (B) Fuel Quality

(C) Fuel temperature (D) Fuel density

63. On what basis were elements arranged in Dobereiner's Triads?

(A) Atomic Number (B) Density

(C) Atomic Mass (D) Color

64. How is the ore heated during Calcination?

(A) In an excess of air

(B) In a limited amount of air or in the absence of air

(C) In a Vaccum at extremely low temperatures

(D) In a vacuum at extremely high temperatures

65. Which of the following statements is correct?

1. Diamond and graphite are allotropes of carbon.
2. Diamond is the hardest substance found in nature.
3. Graphite is a good conductor of both heat and electricity.

Code:

(A) Only 1 (B) Only 2

(C) Only 2 and 3 (D) All

54. एक कार विराम अवस्था से किसी पहाड़ी से नीचे की ओर नियत त्वरण से लुढ़कना शुरू करता है। यह 30 सेकेण्ड में 900 मीटर की दूरी तय करता है। यदि ट्रक का द्रव्यमान 10 टन है तो इस पर लगने वाला बल होगा :

(A) 12000 न्यूटन

(B) 20000 न्यूटन

(C) 18000 न्यूटन

(D) 27000 न्यूटन

55. किसी होटल में एक महीने में ऊर्जा की खपत 350 यूनिट होती है तो कुल ऊर्जा जूल में होगी:

(A) $1.8\times10^6$ (B) $9\times10^5$

(C) $1.26\times10^9$ (D) $10^5$

56. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प गुरूत्वीय त्वरण (g) से सही संबंधित है?

(A) पृथ्वी के केन्द्र पर गुरूत्वीय त्वरण (g) का मान अनंत होता है।

(B) पृथ्वी के ध्रुव पर (g) का मान न्यूनतम होता है।

(C) विषुवत रेखा पर g का मान महत्तम होता है।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

57. बैलों की एक जोड़ी खेत जोतते समय हल पर 200 न्यूटन का बल लगाती है। जोता गया खेत 20 मीटर लम्बा है। खेत की लम्बाई को जोतने में किया गया कार्य :

(A) 3000 जूल (B) 3500 जूल

(C) 4000 जूल (D) 2500 जूल

58. समतल दर्पण की वक्रता-त्रिज्या क्या है?

(A) अनंत

(B) शून्य

(C) दो

(D) एक और अनंत के बीच

59. किसी चालक में समय के सापेक्ष विद्युत आवेश के प्रवाह की दर को क्या कहते हैं?

(A) विद्युत विभव (B) विद्युत धारा

(C) प्रतिरोध (D) ऊर्जा

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. लघुपथन तब होता है जब विद्युत्मय (live) और उदासीन (neutral) तार सीधे संपर्क में आ जाएँ।

2. लघुपथन में धारा बहुत कम हो जाती है।

कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों (D) ना तो 1 और ना ही 2

61. एक घोल का pH, 2 से 3 बदलता है, तो इसमें $H^+$ आयन का सान्द्रता :

(A) 4 गुणा बढ़ जाएगी

(B) 3 गुणा कम हो जाएगी

(C) 10 गुणा कम हो जाएगा

(D) 1000 गुणा कम हो जाएगी

62. ऑक्टेन संख्या किसका माप है?

(A) ईंधन की श्यानता

(B) ईंधन की गुणवत्ता

(C) ईंधन का तापमान

(D) ईंधन की घनता

63. डॉबेराइनर के त्रिक सिद्धांत में तत्वों को किस आधार पर व्यवस्थित किया गया था?

(A) परमाणु संख्या (B) घनत्व

(C) परमाणु द्रव्यमान (D) रंग

64. निस्तापन (Calcination) में अयस्क को कैसे गर्म किया जाता है?

(A) वायु की अधिक मात्रा में

(B) वायु की सीमित मात्रा में या अनुपस्थिति में

(C) निर्वात में न्यूनतम ताप पर

(D) निर्वात में अत्यधिक ताप पर

65. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

1. हीरा और ग्रेफाइट कार्बन का अपरूप है।

2. हीरा प्रकृति का सबसे कठोर पदार्थ है।

3. ग्रेफाइट, ताप एवं विद्युत दोनों का सुचालक होता है।

कूट :

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) केवल 2 और 3 (D) सभी

66. Which isotope(s) of carbon is/are used in carbon dating?

(A) Only ${}_6C^{14}$ (B) Only ${}_6C^{13}$

(C) Only ${}_6C^{12}$ (D) Both ${}_6C^{12}$ and ${}_6C^{14}$

67. Identify the incorrect statement regarding hard and soft soaps:

(A) Hard soaps are manufactured from the sodium salts of fatty acids.

(B) Soft soaps are manufactured from the potassium salts of fatty acids.

(C) Hard soaps are more soluble in water, whereas soft soaps are less soluble in water.

(D) Animal fats are suitable for making hard soaps, while vegetable oils are suitable for making soft soaps.

68. What type of polymers are found in thermoplastics?

(A) Only three-dimensional polymers

(B) Only linear polymers

(C) Linear and cross-linked polymers

(D) Only cyclic polymers

69. What type of drug is Paracetamol?

(A) Antipyretic and Analgesic

(B) Antibiotic

(C) Antiseptic

(D) Disinfectant

70. Consider the following statements:

1. The secretions of exocrine glands are called hormones.
2. The secretions of endocrine glands are called enzymes.

Which of the above statements is/are correct?

(A) Only 1 (B) Only 2

(C) Both 1 and 2 (D) None of the above

71. Which of the following terms describes the interaction between algae and fungi?

(A) Symbiosis (B) Parasitism

(C) Assimilation (D) None of these

72. In cells that lack a cell wall, what constitutes the outermost layer?

(A) Nucleus (B) Cytoplasm

(C) Plasma Membrane (D) Mitochondria

73. Which of the following is a stop codon?

(A) UAG

(B) UAA

(C) UGA

(D) More than one of the above

74. Phloem in plants is responsible for which of the following functions?

(A) Transport of water and dissolved minerals

(B) Transport of essential amino acids

(C) Transport of food

(D) Transport of oxygen and other gases

75. What is the main function of the 'Hypothalamus' in the human body?

(A) To regulate blood pressure

(B) To store memories

(C) To regulate body temperature and hunger

(D) To maintain muscle coordination

76. In which part of the cell does the process of Glycolysis take place?

(A) Mitochondria (B) Cytoplasm

(C) Ribosomes (D) Nucleus

77. Consider the following statements regarding the discovery of the cell and the 'Cell Theory':

1. Robert Hooke observed a living cell for the first time in 1665.
2. Schleiden and Schwann proposed that all living organisms are composed of cells.

Which of the above statement(s) is/are correct?

(A) Only 1 (B) Only 2

(C) Both 1 and 2 (D) Neither 1 nor 2

66. कार्बन तिथि निर्धारण में कार्बन का कौन सा/से समस्थानिक प्रयुक्त होता है/होते हैं?

(A) केवल $_6C^{14}$ (B) केवल $_6C^{13}$

(C) केवल $_6C^{12}$ (D) $_6C^{12}$ व $_6C^{14}$ दोनों

67. कठोर एवं मृदु साबुनों के विषय में असत्य कथन की पहचान कीजिए-

(A) कठोर साबुन वसीय अम्लों के सोडियम लवणों से निर्मित होते हैं।

(B) मृदु साबुन वसीय अम्लों के पोटैशियम लवणों से निर्मित होते हैं।

(C) कठोर साबुन जल में अधिक विलेय होते हैं, जबकि मृदु साबुन जल में कम विलेय होते हैं।

(D) जन्तु वसाएँ कठोर साबुन के लिए, जबकि वनस्पति तेल मृदु साबुन के निर्माण लिए उपयुक्त होती हैं।

68. थर्मोप्लास्टिक में किस प्रकार के बहुलक पाए जाते हैं?

(A) केवल त्रि-आयामी बहुलक

(B) केवल रेखीय बहुलक

(C) रेखीय एवं तिर्यक संयोजित बहुलक

(D) केवल चक्रीय बहुलक

69. पैरासिटामॉल किस प्रकार की औषधि है?

(A) प्रतिज्वरकारी एवं पीड़ाहारी

(B) प्रतिजैविक

(C) रोगाणुरोधक

(D) विसंक्रामक

70. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

1. बहि:स्रावी ग्रन्थियों के स्राव को हार्मोन कहते हैं।

2. अन्त:स्रावी ग्रन्थियों के स्राव को एन्जाइम कहते हैं।

उपरोक्त में से कौन-सा कथन सही है?

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

71. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शैवाल और कवक के बीच संबंध को दर्शाता है?

(A) सहजीवीता (B) परजीविता

(C) स्वांगीकरण (D) इनमें से कोई नहीं

72. जिन कोशिकाओं में कोशिकाभित्ति नहीं होती, उनमें सबसे बाहरी परत कौन-सी होती है?

(A) नाभिक (B) कोशिकाद्रव्य

(C) प्लाज्मा झिल्ली (D) माइटोकॉन्ड्रिया

73. निम्नलिखित में से कौन-सा स्टॉप कोडॉन है?

(A) UAG

(B) UAA

(C) UGA

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

74. पौधों में फ्लोएम निम्नलिखित कार्य के लिए जिम्मेदार है?

(A) पानी और घुले हुए खनिजों का परिवहन के लिए

(B) आवश्यक अमीनो एसिड के परिवहन के लिए

(C) भोजन के परिवहन के लिए

(D) ऑक्सीजन और अन्य गैसों के परिवहन के लिए

75. मानव शरीर में 'हाइपोथैलेमस' (Hypothalamus) का मुख्य कार्य क्या है?

(A) रक्तचाप को नियंत्रित करना

(B) स्मृति का संचय करना

(C) शरीर के तापमान और भूख को नियंत्रित करना

(D) मांसपेशियों के समन्वय को बनाए रखना

76. कोशिका के किस भाग में ग्लाइकोलाइसिस (Glycolysis) की प्रक्रिया संपन्न होती है?

(A) माइटोकॉन्ड्रिया (B) कोशिका द्रव्य

(C) राइबोसोम (D) केंद्रक

77. कोशिका (Cell) की खोज और 'कोशिका सिद्धांत' (Cell Theory) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. रॉबर्ट हुक ने 1665 में पहली बार जीवित कोशिका को देखा था।

2. श्लीडेन और श्वान ने प्रस्तावित किया कि सभी जीवित जीव कोशिकाओं से बने होते हैं।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2

78. The part of the apple that we eat is the:
(A) Thalamus (B) Pericarp
(C) Placenta (D) Aril

79. Which of the following vitamins is synthesized within the body?
(A) Vitamin A (B) Vitamin B
(C) Vitamin D (D) Vitamin C

80. What is 'Vyommitra' which was recently in the news?
(A) A new lunar rover developed by ISRO.
(B) A female Semi-humanoid robot designed for the Gaganyaan mission.
(C) A manned submarine for deep-sea exploration.
